

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS ई-बुलेटीन 2020

**Edition 23, 27th April 2020**

JAINS FOR INDIA
BJS
Bharatiya Jain Sanghatana

## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

कोरोना महाप्रलय युद्ध के मोर्चे से सुखद एवं दुखद दोनों ही समाचार हैं. अनेक देशों में कोरोना वायरस की दवाई या टीका (Vaccine) विकसित करने के प्रयास पुर जोश में चल रहे हैं. भारत भी इसमें अग्रणी है और श्री पंकज पटेल, चेयरमेन, ज़ायडस कैडिला, अहमदाबाद ने 6 से 8 माह में इसे तैयार कर लेने का दावा किया है. वहीं दूसरी तरफ विश्व में कोरोना से 2 लाख से अधिक मौते हुई हैं और यह सिलसिला जारी है. विश्व में कुल संक्रमितों की संख्या 30 लाख पर कर गयी है. सर्वप्रथम चीन से कोरोना फैला था व पूर्ण नियंत्रण में कर लेने के दावे चीन द्वारा किए गए थे, वहां से पुनः संक्रमित व्यक्ति सामने आ रहे हैं, जो इस युद्ध के लंबा चलने का संकेत है.

BJS Family Summit face book live page पर 23अप्रेल को **B E T H E B E S T** विषय पर Dr M Parivallal ने प्रशिक्षण दिया, जिसे लिपिबद्ध कर आप सभी साथियों के पठन हेतु इस अंक में प्रकाशित कर रहे हैं.

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति




## BJS FAMILY SUMMIT Live Face book Series

**DAY 23** — April 23

# " Be The Best"



**Dr M Parivallal is a International Trainer of trainers. Conducting programmes and training sessions for Corporates and Governments**

**'सर्वश्रेष्ठ बनिये'**. इसका अर्थ क्या है? हममें से अधिकांश चाहे वह व्यवसायी हो, कॉरपोरेट जगत से हो, विद्यार्थी हो या और कोई अन्य, सभी अपनी अपनी उत्तरजीविक (survival) के लिए जूझते (struggle) दिखाई देते हैं. इस सबके बावज़ूद, क्या हम सर्वश्रेष्ठ हो सकते हैं? यदि हाँ, तो कैसे?

आप अपने जीवन के गत दो वर्षों पर दृष्टिपात करें. विचारें कि इन दो वर्षों में क्या क्या घटित हुआ? हो सकता है कि आपने विदेश यात्रा की हो, किसी परीक्षा में उतीर्ण हुए हों, व्यापार बहुत अच्छा रहा हो,आपकी तरक्की हुई हो आदि. इनके अतिरिक्त भी, इन दो वर्षों में बहुत कुछ घटित हुआ होगा. याद कीजिए कि इन सभी में से एसी कौनसी 3 घटनाएं या कार्य आपने किये जो महत्वपूर्ण थे. जो आपको आज भी रोमांचित करते हों. जिनसे आपको सर्वाधिक प्रसन्नता की अनुभूति हुई हो और जिस हेतु आप प्रशंसा के पात्र बनाना चाहते हों. दूसरे अर्थ में लोगों से प्रशंसा की अपेक्षा हो, तब निश्चित ही आपने कुछ अच्छा किया है. किन्तु क्या ये तीन कार्य सर्वश्रेष्ठ थे? ध्यान दें कि जो कार्य हुए हों या किये हों और जो होने या किये जाने चाहिए थे , (happened & should have happened) इन दोनों के बीच में बड़ा अंतर है, जिसे समझना होगा. प्रतिस्पर्धा में अवसर अच्छे या खराब के मध्य नहीं होते किन्तु पसंदगी में सदैव अच्छे और सर्वश्रेष्ठ के मध्य होते है.

जिसका जन्म 1973 में हुआ, और 1989 में मात्र 16 वर्ष की आयु में जिसे भारत की क्रिकेट के बैट्समेन के रूप में पाकिस्तान भेजा गया. वह और कोई नहीं, मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, जिसको भारतरत्न मिला और जिसे क्रिकेट का भगवान कहा जाता है. 1976 में जन्में ए आर रहमान, जिन्होनें 25 वर्ष की आयु में रोज़ा फ़िल्म में पहली बार पार्श्व संगीत दिया और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ और जिसे ऑस्कर सम्मान भी प्राप्त हुए. ऐसा ही उदाहरण विश्वनाथ आनंद का भी है. इन तीनों ने कभी कल्पना नहीं की होगी कि वे महान व्यक्तित्व के रूप में प्रस्थापित होंगे. उन्होंने सर्वश्रेष्ठ दिया इसीलिए उन्हें प्रतिष्ठित व्यक्ति की तरह पहचाना गया. आपके बारे में लोग चर्चा तब ही करेंगे, जब आप सर्वश्रेष्ठ होंगे.

सर्वश्रेष्ठ का अर्थ क्या है? आईये! इसे समझे. क्रिकेट 20T का अंतिम ओवर में 10 रन बनाने थे और अब अंतिम बॉल पर जीत के लिए मात्र एक रन चाहिए. यदि आप एक रन बनाकर जीत जाते हैं तो वह अच्छा है किंतु यदि अंतिम गेंद पर छक्का मार कर जीत दर्ज हो तो निश्चित

Contd...


April
Monday 27

BJS National Business Conclave 2020
LEARN LEAD SUCCEED

आज दिनांक **27 अप्रेल, 2020** 3:00 से 8:00 सांय
Registration Link: shorturl.at/flsQW
The registration amount **500 per person** will be **100% donated** to Covid relief fund

ही वह सर्वश्रेष्ठ जीत होगी. यदि व्यापार में आपका लक्ष्य 100 करोड़ के टर्नओवर का है. Breakeven 40 करोड़ है और यदि आप 90 करोड़ पर पहुंचते हैं तो उसे सर्वश्रेष्ठ कहेंगे. अपेक्षाओं, क्षमताओं औए तुलनाओं से परे यदि कुछ अधिक करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ कहा जाएगा. अच्छे या ठीक की स्थिति में तुलना होती है. जब आप सर्वश्रेष्ठ करते हैं तो दुनियाँ में महान व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं.

सर्वश्रेष्ठ बनने की प्रक्रिया को समझते हैं. आप किसी भी व्यवसाय में हों, किन्तु आप बढ़िया किसमें हैं? आप एक अच्छे गायक, चित्रकार, खिलाड़ी, नेता, व्यापारी, बावर्ची बनने के गुण हो सकते हैं. स्वयं आप पहचाने कि किन दो में आप श्रेष्ठ हैं. इसे कहते हैं कि मूलभूत योग्यता (Core competancy) को पहचानना. तेंदुलकर एक अच्छा क्रिकेटर है, किन्तु उसकी मूलभूत योग्यता बैटिंग करने और रन बनाने में है.

आप नींद में स्वप्न देखते हैं. आप भारत के प्रधानमंत्री या अमेरिका में राष्ट्रपति बनने का स्वप्न देख रहे है तो आप उस स्वप्न के हिरो हैं जिसे आप देख रहे हैं. क्या आप वास्तविक जीवन में हिरो बनना चाहते हैं. गांधीजी, अम्बानी, सी के रंगनाथन, नारायण मूर्ति और शांतीलालजी मुथा, ये सब real time Hero हैं. वास्तविक हिरो सदैव प्रशंसनीय होते हैं और जिन्होंने कुछ शुरुआत की होती है. उन्होनें outstanding achievements किये होते हैं. उनमें नोबल quality होती है. क्या आप में यह सब विशेषताएं हैं. आपके अंदर के हिरो को जीवंत करें.

कमल हसन, एक महान अभिनेता हैं जिन्होंने अभिनय के नए कीर्तिमान स्थापित किये. किसी ने उनसे पूछा "हर फिल्म में आप कुछ विशिष्ट कैसे कर पाते हैं"? उन्होंनें उत्तर दिया कि " मैं हर दिन को अन्तिम मानता हूँ. जो मैं श्रेष्ठ कर सकता हूँ, करता हूँ, कल के लिए कुछ भी बचा के नहीं रखता. आज का दिन ही मेरे लिए उपहार के समान है" आपकी डिक्शनरी में से NO शब्द को निकाल फैंके. आपके NO को YES में तबदील करदें.

आप सर्वश्रेष्ठ कैसे बनें? यदि आपको कहा जाए कि आप जहां बैठे हैं, चारो तरफ नज़र दौड़ाएं और कौनसी चीजे आसमानी रंग की हैं, एक मिनट में नोट करें. लेकिन अब आपसे आसमानी की जगह यह पूछ लिया जाए कि लाल रंग की कौन कौन सी चीजें हैं, तो शायद आंखें झपझपाने लगेंगे और जवाब न दे पाएं. इसे कहते हैं set your mind which is not in your mind. हमारी पूर्वाग्रह युक्त मानसिकता या जड़ वैचारिकता (Mind set) गैर मार्ग पर ले जाती है. जड़ वैचारिकता अनुमान या सलाह आधारित होती है. यह विचारने की शक्ति को अवरोधित कर देती है.

राजनीतिज्ञ भ्रष्ट होते हैं, यह हमारी आम धारणा है जो सही नहीं है. हम हमारे विचारों को कैद न कर दें.


सर्वश्रेष्ठ बनने के लिये स्वयं की programming करें. महेंद्र सिंह धोनी की cool captain, लीडर, और अच्छे रणनीतिज्ञ के रूप प्रशंसा की जाती रही. जब वह practice करने जाते थे तो दो बल्ले उनके हाथ में होते थे. वह कोई सर्वशक्तिशाली व्यक्ति नहीं है, किन्तु उनके द्वारा लगाया गया छक्का ऊंचा और लंबा होता है क्योंकि वे उनके मस्तिष्क तथा शरीर दोनो को तैयार रखते है. Programme Body & mind. आप जो भी करते हैं उसकी पुष्टि (Confirm) करें कि आप श्रेष्ठ कर रहे हैं. इसका मंत्र है perform, inform तथा confirm. आप जब भी कोई काम करते हैं और जिसके लिए आप perform कर रहे हैं, उसको inform नही करते तो अकसर व्यर्थ हो जाता है.

3 वर्ग (category) के लोग होते हैं. 1) महत्वपूर्ण 2) अर्थपूर्ण (significant) और 3) indispensible. आप किस वर्ग में हैं, महत्वपूर्ण या अर्थपूर्ण? महत्वपूर्ण को बदला जा सकता है क्योंकि वह कार्य कोई अन्य भी कर सकता है. अर्थपूर्ण की उपस्थिति चाहिए किन्तु indispensible की उपस्थिति आवश्यक है और उसे दूसरे से बदला नही जा सकता. आपके संस्थान में आप किस category में हैं. इसे उदाहरण से समझते हैं. रोहित शर्मा एक बहुत ही शानदार और अच्छे बल्लेबाज हैं, ओपनर है . क्या वे भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण हैं? किन्तु क्या उनकी जगह किसी और को खिलाया जा सकता है? उत्तर है हाँ, पूर्व में ऐसा हुआ है कि शिखर धवन और के एल राहुल को खिलाया गया है. अर्थपूर्ण कौन है? कप्तान विराट कोहली को लिया जा सकता है. बढ़िया कप्तान और विश्वानीय बल्लेबाज़. भारतीय टीम में indispensible कौन है. कुछ माह पूर्व तक जसप्रीत बुमराह का नाम लिया जा सकता था क्योंकि उसके नहीं होने से टीम कमजोर पड़ जाती थी. क्या आप जिस संस्थान में काम करते हैं क्या उसमे indispensible है? अगर हैं तो आप best हैं.

कभी भी मात्र स्वप्न न देखें या देखना बन्द कर दें. यदि आप मेनेजर हैं और जनरल मेनेजर बनना चाहते है तो जनरल मेनेजर की तरह की अनुभूति करने लगें उसी तरह का व्यवहार करें. Don't dream but 'Be' a best person. कभी भी समझौता ( compromise ) न करें. I am the best, feel it like a Champion. में जो भी करूंगा, सर्वश्रेष्ठ ही करूंगा. Champion कभी पीछे मुड़के नहीं देखते. Success succeed success.

## BJS MISSION BLOOD COLLECTION

@ Maharashtra




@ Hassan, Karnataka
20/04/2020

@ Hassan Institute of Medical Science

58 Bottles



## BJS MISSION DOCTOR AT YOUR DOORSTEP

Free Mobile Dispensary Van Seva

@ Cuddalore, Tamil Nadu
25.04.2020



கடலூர் பெருநகராட்சி மற்றும்
கடலூர் ஜெயின் சங்கம்
இணைந்து நடத்தும்
நடமாடும் மருத்துவ சேவை
BJS உங்கள் இல்லம் தேடிவரும் மருத்துவர்கள்
அனைவரும் பயன் பெற அமைக்கின்றோம்





